१८/२/२६ ९८

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–290/2025 2290 /पटना, दिनांक– 19.2.26

दिनांक 18.06.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष–अनुसूचित जाति) योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, सिवान–02 के अधीन Package No. MMGSY (AWSESH-SC)-Siwan-2-190 (Tender ID- 141170) की निविदा में निविदाकार/संवेदक Bangra Construction Private Limited (Reg. No. 1240067) Add:- C/O- Anandi Singh, Shivaji Nagar, Fatehpur, Siwan, Siwan, Bihar, Pincode: 841226 (BID ID-618246) द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, महाराजगंज के पत्रांक 709 दिनांक 30.03.2024 द्वारा निर्गत L021 से कथक टोला के भुगतान की राशि 9227623.00 रूपये का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया है। इस के संदर्भ में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, महाराजगंज द्वारा सत्यापन के उपरान्त सूचित किया गया कि संवेदक को भुगतान राशि 7527623.00 रूपये है।

तद्‌लोक में उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र जाली/फर्जी होने के कारण संवेदक Bangra Construction Private Limited को तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित करते हुए विभागीय गैर सरकारी प्रेषण संख्या–123 अनु0 दिनांक 24.09.2025 द्वारा बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 10688 दिनांक 09.10.2025 एवं स्मार पत्रांक 11320 दिनांक 05.11.2025 द्वारा उक्त कृत्य हेतु संवेदक Bangra Construction Private Limited (Reg. No. 1240067) से स्पष्टीकरण की माँग की गयी। जिसके आलोक में संवेदक अपना स्पष्टीकरण विभाग में दिनांक 10.11.2025 को समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया है कि उनकी तबियत खराब होने के कारण दिल्ली में एडमीट है। तद्‌लोक में स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु 15 दिनो की समय की माँग की गयी। विभागीय समीक्षोपरान्त 15 (पन्द्रह) दिनो का समयावधि दी गयी।

उक्त समयावधि पूर्ण होने के उपरान्त विभागीय पत्रांक 555 दिनांक 14.01.2026 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया, जो अब तक अप्राप्त है। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका–(ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार/संवेदक Bangra Construction Private Limited (Reg. No. 1240067) Add:- C/O- Anandi Singh, Shivaji Nagar, Fatehpur, Siwan, Siwan, Bihar, Pincode: 841226 के निबंधन संख्या:–1240067/ PAN No. AAHCB8950A को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (**Blacklist**) किया जाता है।

18.02.26

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–290/2025 2290 /पटना, दिनांक– 19.2.26

निबंधित

प्रतिलिपि– Bangra Construction Private Limited Add:- C/O- Anandi Singh, Shivaji Nagar, Fatehpur, Siwan, Siwan, Bihar, Pincode: 841226 को सूचनार्थ प्रेषित।

18.02.26

अभियंता प्रमुख

कृ0प्र0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–290 / 2025 2290 / पटना, दिनांक– 19.2.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.02.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–290 / 2025 2290 / पटना, दिनांक– 19.2.26

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

18.02.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–290 / 2025 2290 / पटना, दिनांक– 19.2.26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.02.26

अभियंता प्रमुख